INTRODUCTION

English सीखना क्यों महत्वपूर्ण है !!!

English क्यों सीखे ?

किसी भी काम को करने के लिए "उसे क्यों **(why-वाए)** कर रहे है ?" यह जानना बहुत ज़रूरी होता है। अंग्रेज़ी/इंग्लिश **(English)** सीखना आपके लिए क्यों ज़रूरी है, अगर आप को इस का उत्तर मिल जाए तो इस भाषा को सीखने की प्रेरणा मिल जाएगी।

आज का युग वैश्विकरण **(globalization-ग्लोबलाईज़ेशन)** का युग है, जहां पूरा विश्व बहुत ही क़रीब हो गया है। आज हम अपने घर बैठे-बैठे दुनिया के किसी भी देश के साथ व्यापार कर सकते है। बहुत से लोग आज अपने घर बैठे हुए दूसरे देशों की कम्पनियों में काम कर रहे है, Call centers इसका बहुत अच्छा उदाहरण है। साथ ही बहुत से छात्र ऊँच शिक्षा प्राप्त करने के लिए दूर देश जाते है। ज़रा सोचिए, क्या यह सम्भव है कि हम सब लोगों से उनकी भाषा में बात कर पाए ? जवाब होगा नही। विश्व ही नही, हम अपने देश के भी सब राज्यों के लोगों से बिना उनकी भाषा सीखे बात नहीं कर सकते। भारत में **२२ (22)** आधिकारिक भाषाएँ है, और अनुमान के मुताबिक हमारे देश में **२०० (200)** से भी ज़्यादा भाषाएँ बोली जाती है। विश्व में लगभग **७,१०० (7,100)** भाषाएँ बोली जाती है परंतु, English (अंग्रेज़ी) विश्व में सबसे ज़्यादा बोली और समझी जाने वाली भाषा है। इस भाषा का ज्ञान हमें आज़ादी देता है कि हम विश्व भर के लोगों की बात समझ पाएँ और उन तक अपनी बात पहुँचा पाए। English का ज्ञान हमारे लिए बहुत से बंद दरवाज़े खोल देता है।

English भाषा को सीखना काफ़ी सरल है, बस थोड़ा अभ्यास और प्रबल ईच्छा की आवश्यकता है। जैसे-जैसे आप यह भाषा सीखेंगे, आपको English बहुत अपनी सी लगेगी क्योंकि, जाने अनजाने में आप बहुत से English शब्दों का प्रयोग करते होंगे। English भाषा ने बहुत सी और भाषाओं को अपनाया है। कितने English शब्द जैसे **Jungle (जंगल), Pyjama (पायजामा), Jail (जेल)** हिंदी भाषा से लिए गए है। हिंदी के अलावा English ने **फ्रेंच, लैटिन, जर्मन** जैसी भाषाओं के शब्दों को भी अपने में संजोया है।

English सीखने की शुरुआत करने के लिए भाषा का 'मूल' समझना बहुत ज़रूरी है, अगर मूल समझे बिना जल्दबाज़ी दिखाई तो भाषा पकड़ में नहीं आती। यह बात समझानी बहुत आवश्यक है कि हर किसी की सीखने की रफ़्तार एक समान नहीं हो सकती। आज कल जो **'३० दिन, ४० दिन, ५० दिन में English सीखे'** का चलन चल रहा है वह हर किसी के लिए उप्युक्त नहीं है। किसी भी भाषा में दक्ष होने के लिए लंबा अभ्यास लगता है, हमारी कोशिश रहेगी कि इस भाषा के मूल का ज्ञान आपको ज़रूर दें।

वैसे तो बाज़ार में आप को बहुत सी किताबें मिल जाएँगी जो यह दावा करती है कि कुछ ही दिनों में आप English के गुरु बन जाएँगे, पर जब हमने ऐसी कुछ किताबों को जाँचा, तब इस किताब को लिखने की ज़्यादा ज़रूरत लगी क्यूँकि, ज़्यादातर किताबें बहुत जल्द आप पर सब कुछ थोपने की कोशिश में है। किसी भी भाषा को सीखना बहुत सहज होना चाहिए, धीरे-धीरे जब आप किसी भाषा को अपनाते है तब वो भी आप को बहुत जल्द अपनालेती है। हम आज हिंदी बहुत आराम से बोलते है क्यूँकि हमने बचपन से अपने आस पास हिंदी सुनी है, जिन लोगों ने बचपन से English सुनी है वो English में उतने ही सहज है जितना हम हिंदी में। तो कहने का मतलब यह है कि, एक विदेशी भाषा को सीखने में जल्दबाज़ी ना दिखाए और अपने आप को पूरा वक्त दे।

इस किताब में आप को उन शब्दों से परिचित करवाया गया है जिन की ज़रूरत आप को सामान्यता होती है। हमारी कोशिश है कि जो भी शब्द आप रोज़ मरह के वार्तालाप में इस्तेमाल करते है उन सब को उच्चारण और अर्थ सहित आपको समझाया जाए। शब्दों के उच्चारण के नियम बहुत विस्तार से देने की कोशिश की गई है। यह नियम आप की बहुत मदद करेंगे, सही तरह से शब्दों का उच्चारण करने में। जैसे-जैसे आप शब्द सीखते जाए, उन का इस्तेमाल जहां तक हो सके करना शुरू कर दे, इस से आप का आत्मविश्वास बहुत बढ़ जाएगा और आप विश्वास के साथ English बोलना शुरू कर सकेंगे।

हमने बहुत भरसक प्रयास किया है कि इस किताब की क़ीमत कम से कम रखी जाए। हर जरूरतमंद तक हमारा यह प्रयास पहुँच जाए तो हम अपनी इस कोशिश को सफल मान लेंगे।

CONTENTS

1. वर्ण - Alphabets (ऐल्फ़ाब्एट्स) 1
2. स्वर - Vowels (वौवल्स) 5
3. व्यंजन - Consonants (कौंसोनैंट्स) 35
4. मूक वर्ण - Silent letters (साएलएन्ट लएट्टर्स) 47
5. समान ध्वनि वाले शब्द - Homophones (होमोफ़ोन्स) 52
6. विपरीत शब्द - Opposite words (औपोज़िट वर्ड्ज़) 59
7. सामान्य शब्द - General words (जैनर्ल वर्ड्ज़) 65
8. अभिवादन, शिष्टाचार और समन्यता बोल चाल में उपयोगी शब्द
Greetings and General Manners
(ग्रीटिंग्स ऐंड जैनर्ल मैनर्स) 71
9. लम्बे शब्द - Big words (बिग वर्डज़) 77
10. शब्दकोश - Vocabulary (वोकैब्युलरी) 79
11. घरेलू वस्तुएँ - Household items (हाउस्होल्ड आइटम्ज़) 86
12. सामान्य शब्द - Comman Vocabulary (कोम्मन वोकैब्युलरी) . . 90
13. विधालय महाविधालय शब्दकोश
School and College Vocabulary
(स्कूल ऐंड कौलैज वोकैब्युलरी) 92
14. चिकित्सालय, बिमारियाँ
Hospital, diseases (हौस्पिटल, डिज़ीज़िज़) 101
15. संख्या - Numbers (नम्बर्स) 106
16. शब्दकोश अ......ज्ञ Vocabulary A......Z 112
17. म्हत्व्पूर्ण शब्दकोश - Important Vocabulary 170
18. English बोलना शुरू करे !!! 190